दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 22/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

बिहार आज अपना एक सौ तेरहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ बारह में बंगाल से अलग कर बिहार को राज्य का दर्जा मिला था। इस वर्ष बिहार दिवस की थीम–उन्नत बिहार विकसित बिहार है। अपनी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक विरासत के कारण बिहार की पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में रही है, जिसने हमेशा से देश को नई राह दिखाई। बिहार का इतिहास कमोबेश मानव सभ्यता का इतिहास माना जाता है, जिसने पूरी दुनिया को लोकतंत्र की अवधारणा से परिचित कराया है।

———————————————————————

बिहार दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिला मुख्यालयों में इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय मुख्य समारोह का आज उद्‌घाटन करेंगे। समारोह के दौरान जाने–माने गायक अभिजीत, सलमान अली, रितिका राज और प्रतिभा सिंह बघेल समेत कई कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रमों का आयोजन गांधी मैदान के साथ–साथ श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल और रवीन्द्र भवन में किया जायेगा। बिहार दिवस पर गांधी मैदान में कई भव्य पैवेलियन बनाये गये हैं, जहां बिहार की सभ्यता–संस्कृति, परंपरा, कला, परिधान, खान–पान और विकास की गाथा को दर्शाया गया है। साथ ही नेशनल बुक ट्रस्ट, एनबीटी की ओर से इस अवसर पर पटना पुस्तक महोत्सव का आयोजन किया गया है। एनबीटी के निदेशक युवराज मलिक ने बताया कि पुस्तक महोत्सव में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विशेष साहित्यक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बिहार दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सूचना और जनसंपर्क विभाग के यूट्यूब, फेसबुक और एक्स हैंडल पर किया जायेगा। जिला मुख्यालयों में भी इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार दिवस के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास को गौरवान्वित करने वाला हमारा यह प्रदेश आज अपनी विकास यात्रा के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में उम्मीद जतायी है कि बिहार पहले से भी अधिक गौरव के साथ नये भारत के विकास और प्रगति में अपनी भूमिका निभायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि बिहार प्रगति और समृद्धि के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। यह उनका पूर्व विश्वास है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत प्रदेश के विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं ने लोगों को बिहार दिवस की बधाई दी है।

———————————————————————

सीवान के भैसारवाल स्थित वृहद बालिका आश्रय गृह से तेरह लड़कियां फरार हो गयी हैं। जानकारी के अनुसार देर रात करीब तीस फीट ऊंची आश्रयगृह की दीवार फांदकर ये लड़कियां फरार हो गयीं। बालिका गृह की वार्डन रिंकू झा ने स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मामले की छानबीन कर रहे हैं। जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया है कि एक लड़की को बरामद कर लिया गया है, जबकि आठ लड़कियां अपने परिवार के और चार लड़कियां पहचानवालों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में आश्रय गृह के तीन कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई हैं। इन सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

———————————————————————

आज विश्व जल दिवस है। यह दिन मीठे पानी के महत्व और जल संसाधनों के उचित प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो साझा किया है।

———————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे सेपक टाकरा विश्व कप प्रतियोगिता के महत्वपूर्ण मुकाबले में भारतीय महिला डबल्स टीम ने चीन को दो–शून्य से पराजित कर दिया। भारतीय पुरूष और महिला टीम के कई मुकाबले आज खेले जा रहे हैं।

————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के मौसम में बदलाव हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व के इलाकों में एक–दो स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई गयी है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।